दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय

CENTRAL UNIVERSITY OF SOUTH BIHAR

(A Central University Established By an Act of Parliament)

NAAC Accredited A++ Grade and Category-I University by UGC


संचिका सं0 सीयूएसबी/शैक्षणिक/2–1/2025/एई 1284 दिनांक : 30–07–2025

## सार्वजानिक सूचना

**विषय: शैक्षणिक सत्र 2025–26 में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 29.07.2025 को CUET अभ्यर्थियों द्वारा की गई पंजीकरण की वैधता के संबंध में स्पष्टीकरण।**

यह सभी CUET अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए स्नातक (UG) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण की निर्धारित तिथि 14.07.2025 से 21.07.2025 तक थी। केवल वही अभ्यर्थी, जिन्होंने उक्त निर्धारित अवधि में पंजीकरण पूर्ण किया है और संबंधित कार्यक्रमों के लिए घोषित प्रथम चरण की कट–ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, औपबंधिक नामांकन हेतु कार्यक्रम शुल्क जमा करने हेतु पात्र हैं।

यह जानकारी में आया है कि 29.07.2025 को SAMARTH पोर्टल में तकनीकी त्रुटि के कारण पंजीकरण पोर्टल कुछ समय के लिए पुनः खुल गई थी, जिससे कुछ नए अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण शुल्क जमा कर दिया गया। चूँकि यह पंजीकरण अधिसूचित समय सीमा (14.07.2025 से 21.07.2025) के बाहर किया गया है, अतः इसे नामांकन प्रक्रिया के लिए मान्य नहीं माना जाएगा।

दिनांक 29.07.2025 को किए गए ऐसे सभी पंजीकरण अमान्य माने जाएंगे, और ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा जमा की गई पंजीकरण एवं कार्यक्रम शुल्क (यदि जमा किया गया हो) की राशि उसी माध्यम से वापस की जा रही है, जिस माध्यम से जमा किया गया है।

इसके अतिरिक्त, पहले से पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों के लिए कार्यक्रम शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30.07.2025 कर दिया गया है। वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने 14.07.2025 से 21.07.2025 के बीच सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है और प्रथम चरण की कट–ऑफ में सम्मिलित हैं, वे SAMARTH पोर्टल के माध्यम से अपना कार्यक्रम शुल्क समय पर जमा करें।

(डॉ. शांतिगोपाल पाइन)
परीक्षा नियंत्रक